कृषि भूमि के सुधार के लिए विदेशों के साथ हुए समझौते

346. डा. इकरार अहमद खान : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में हुए एक समझौते के अनुसार कनाडा राजस्थान में कृषि भूमि और जल प्रबन्ध प्रणाली में सुधार की परियोजनाओं के लिये 84 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता देगा ;

(ख) यदि हां, तो इस समझौते का ब्यौरा क्या है तथा इससे कितने क्षेत्रफल भूमि का सुधार होने की संभावना है;

(ग) क्या राजस्थान में कृषि भूमि और जल प्रबन्ध प्रणाली में सुधार के लिये कुछ अन्य देशों के साथ भी इससे पूर्व कोई समझौते किये गये थे ;

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है तथा इन समझौतों के अन्तर्गत उन देशों द्वारा राजस्थान के लिये कितनी धनराशि प्रदान की गयी ; और

(ङ) राजस्थान मे कुल कितने क्षेत्रफल भूमि का सुधार किया जा सकता है तथा सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान कितने क्षेत्रफल भूमि का सुधार किया गया और इस पर कितना खर्च किया गया ?

वित्त मंत्री (प्रो. मधु दण्डवते) : (क) जी, हां ।

(ख) राजस्थान में जल-निकासी परियोजना के वित्तपोषण के संबंध में कनाडा सरकार (सीडा) के साथ 3-2-90 को 575 लाख कनाडी डालर (लगभग 84.5 करोड़ रुपये) की अनुदान सहायता के लिये एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये । यह परियोजना चम्बल कमान क्षेत्र और इन्दिरा गांधी नहर परियोजना राजस्थान कमान क्षेत्र में 25,000 हैक्टेयर सिंचाई योग्य भूमि पर कृषि भूमि एवम जल प्रबन्ध पद्धतियों में सुधार लाने के लिये राजस्थान सरकार और राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय द्वारा क्रियान्वित की जायेगी ।

(ग) जी, हां ।

(घ) राजस्थान लघु सिंचाई परियोजना प्रथम-चरण के वित्तपोषण के संबंध में 29-4-88 को जर्मन संघीय गणराज्य के साथ 123 लाख डयूश मार्क (12.33 करोड़ रुपये) की ऋण सहायता तथा 27 लाख डयूश मार्क (2.70 करोड़ रुपये) की अनुदान सहायता के लिये एक करार पर हस्ताक्षर किये गये थे । इस परियोजना का क्रियान्वयन राजस्थान सरकार द्वारा किया जायेगा और इसका उद्देश्य राजस्थान राज्य में 61,200 हैक्टेयर भूमि क्षेत्र में लघु सिंचाई कार्य को बढ़ावा देना है ।

(ङ) सूचना राज्य सरकार से इकट्ठी की जा रही है ।

Looting of Banks

347. SHRI NARESH C. PUGLIA : Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) what is the number of incidents of looting of banks during the last six months and the total amount involved in such incidents;

(b) what is the number of bank looting incidents in Punjab during the above period and the amount involved; and

(c) what steps Government have taken to prevent such incidents ?

THE MINISTER OF FINANCE (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) Reserve Bank of India (RBI) as reported that 46 incidents of